सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल/पिथौरागढ़ दिनांक 27 मई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शनिवार को जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान 'आदि कैलाश' व 'ओम पर्वत' दर्शन किए। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश धार्मिक पर्यटन में रुचि रखने वालों के लिए स्वर्ग के समान है। राज्यपाल ने कहा कि आदि कैलाश के दर्शन से सुखद अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र यात्रा परमानंद को प्राप्त करने के समान थी, यूं ही नहीं उत्तराखण्ड को देवभूमि कहा जाता है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी श्रद्धालुओं की सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। राज्यपाल ने कहा की सभी देशवासियों को आध्यात्मिक पर्यटन के लिए उत्तराखण्ड जरूर आना चाहिए।

..........0..........

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3